पत्र संख्या–पुर0–01/2021–22................................/रा0

बिहार सरकार

## मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग

**प्रेषक,**

**सुमन कुमार,**
निदेशक।

**सेवा में,**

**निदेशक,**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

**पटना, दिनांक........................**

**विषयः–** **वर्ष–2021–22 के लिए हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार योजना के अधीन अनुशंसाएँ आमंत्रित करने से संबंधित सूचना का प्रकाशन।**

**महोदय,**

मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, बिहार सरकार की हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार योजना 2021–22 के अंतर्गत हिन्दी साहित्यकारों/संस्थाओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत करने के लिए देश एवं देश के बाहर के हिन्दी सेवा में समर्पित हिन्दी साहित्यकारों, विद्वानों, हिन्दी सेवियों, हिन्दी से जुड़ी स्वैच्छिक संस्थाओं, सरकारी संस्थानों, विश्वविद्यालयों तथा प्रसिद्ध अकादमियों से निर्धारित अर्हताओं के अनुरूप अनुशंसाएं आमंत्रित की जानी हैं।

अतः अनुरोध है कि पुरस्कारवार निर्धारित अर्हताओं के अनुरूप संलग्न सूचना को प्रमुख समाचार–पत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित कराने की कृपा की जाय :–

**अनुलग्नक** : तीन पृष्ठ।

**विश्वासभाजन**

**कार्यालय का पता** : सी/211, ऑफिशर्स हॉस्टल,
(बिहार म्यूजियम के सामने), बेली रोड, पटना–800001
मोबाईल नं0–9473197671

ह0/–
**(सुमन कुमार)**
निदेशक

ज्ञापांक– 127 पटना दि0 13.7.21

**प्रतिलिपिः–** प्रोग्रामर, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, बिहार, पटना को संलग्न सूचना विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/07/2021

**(सुमन कुमार)**
निदेशक

## बिहार सरकार
## मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग

**मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, बिहार सरकार** द्वारा वित्तीय वर्ष **2021–22** के लिए हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर हिन्दी साहित्यकारों/संस्थाओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत करने हेतु देश एवं देश के बाहर के हिन्दी सेवा में समर्पित हिन्दी साहित्यकारों, विद्वानों, हिन्दी सेवियों, हिन्दी से जुड़ी स्वैच्छिक संस्थाओं, सरकारी संस्थाओं, विश्वविद्यालयों तथा प्रसिद्ध अकादमियों से निम्नलिखित पुरस्कारों के सम्बन्ध में अनुशंसाएँ आमंत्रित हैं:–

### हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार

| क्रम सं0 | पुरस्कार का नाम | पुरस्कार राशि/अर्हताएँ |
|---|---|---|
| 1 | डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद शिखर सम्मान | **3,00,000/–रु0**<br>तीन लाख रु0 का यह एकल पुरस्कार अखिल भारतीय स्तर पर विगत पाँच वर्षों में सृजनात्मक हिन्दी लेखन, पत्रकारिता, न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी के प्रयोग या प्रचार–प्रसार के क्षेत्र में अतिविशिष्ट योगदान के लिए देय होगा। |
| 2 | बाबासाहेब भीमराव अम्बेदकर पुरस्कार | **2,50,000/–रु0**<br>दो लाख पचास हजार रु0 का यह एकल पुरस्कार अखिल भारतीय स्तर पर विगत पाँच वर्षों में अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा–दीक्षा तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास में हिन्दी के माध्यम से विशिष्ट योगदान के लिए देय होगा। |
| 3 | जननायक कर्पूरी ठाकुर पुरस्कार | **2,00,000/–रु0**<br>दो लाख रु0 का यह एकल पुरस्कार अखिल भारतीय स्तर पर सामाजिक न्याय एवं समाज के कमजोर तथा पिछड़े वर्गों के विकास के क्षेत्र में हिन्दी के माध्यम से विगत पाँच वर्षों में विशिष्ट योगदान के लिए देय होगा। |
| 4 | बी0 पी0 मंडल पुरस्कार | **2,00,000/–रु0**<br>दो लाख रु0 का यह एकल पुरस्कार अखिल भारतीय स्तर पर विगत दो वर्षों में हिन्दी में सृजनात्मक लेखन के माध्यम से सामाजिक समरसता एवं भाईचारे की चेतना को निरूपित करने में विशिष्ट योगदान के लिए देय होगा। |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | नागार्जुन पुरस्कार | **2,00,000/–रु0**<br>दो लाख रु0 का यह एकल पुरस्कार राज्य के साहित्यकारों को विगत दो वर्षों में कविता अथवा उपन्यास के माध्यम से समसामयिक विषयों पर हिन्दी लेखन के माध्यम से विशिष्ट योगदान के लिए देय होगा। |
| 6 | राष्ट्रकवि दिनकर पुरस्कार | **2,00,000/–रु0**<br>दो लाख रु0 का यह एकल पुरस्कार विगत दो वर्षों में हिन्दी कविता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए राज्य के साहित्यकारों को देय होगा। |
| 7 | फणीश्वरनाथ रेणु पुरस्कार | **2,00,000/–रु0**<br>दो लाख रु0 का यह एकल पुरस्कार बिहार के ग्रामीण परिवेश को आधार बनाकर विगत दो वर्षों में हिन्दी उपन्यास अथवा कथा लेखन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए राज्य के साहित्यकारों को देय होगा। |
| 8 | महादेवी वर्मा पुरस्कार | **50,000/–रु0**<br>पचास हजार रु0 का यह एकल पुरस्कार विगत दो वर्षों में हिन्दी साहित्य की किसी भी विधा में विशिष्ट रचना करने और अपनी पहचान स्थापित करने वाली राज्य की महिला लेखिका को देय होगा। |
| 9 | बाबू गंगाशरण सिंह पुरस्कार | **50,000/–रु0**<br>पचास हजार रु0 का यह एकल पुरस्कार विगत दस वर्षों में अहिन्दीभाषी क्षेत्र में हिन्दी के प्रचार–प्रसार हेतु विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्ति को देय होगा। |
| 10 | विद्याकर कवि पुरस्कार | **50,000/–रु0**<br>पचास हजार रु0 का यह एकल पुरस्कार विगत दस वर्षों में अहिन्दीभाषी क्षेत्र में हिन्दी के प्रचार–प्रसार हेतु विशिष्ट योगदान के लिए हिन्दी सेवी संस्था को देय होगा। |
| 11 | विद्यापति पुरस्कार | **50,000/–रु0**<br>पचास हजार रु0 का यह एकल पुरस्कार विगत पाँच वर्षों में मिथिलांचल की संस्कृति एवं सांस्कारिक परम्परा पर हिन्दी अथवा मैथिली में रचित उत्कृष्ट पुस्तक–रचना के लिए देय होगा। इस पुरस्कार के लिए राज्य के लेखक/लेखिकाएँ ही विचारित होंगे। |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | मोहनलाल महतो वियोगी पुरस्कार | **50,000/–रु0**<br>पचास हजार रु0 का यह एकल पुरस्कार विगत पाँच वर्षों में मगध अंचल के जीवन, उसकी संस्कृति एवं सांस्कारिक परम्परा पर हिन्दी अथवा मगही में उत्कृष्ट पुस्तक की रचना के लिए राज्य के लेखक/लेखिकाओं को देय होगा। |
| 13 | भिखारी ठाकुर पुरस्कार | **50,000/–रु0**<br>पचास हजार रु0 का यह एकल पुरस्कार विगत पाँच वर्षों में भोजपुर अंचल के जीवन, उसकी संस्कृति एवं सांस्कारिक परम्परा पर हिन्दी अथवा भोजपुरी में उत्कृष्ट पुस्तक रचना के लिए राज्य के लेखक/लेखिकाओं को देय होगा। |
| 14 | डॉ0 ग्रियर्सन पुरस्कार | **50,000/–रु0**<br>पचास हजार रु0 का यह एकल पुरस्कार विगत पाँच वर्षों में बिहार की लोकभाषा एवं लिपि के विकास के क्षेत्र में हिन्दी में मौलिक लेखन में विशिष्ट योगदान के लिए राज्य के लेखक/लेखिकाओं को देय होगा। |
| 15 | डॉ0 फादर कामिल बुल्के पुरस्कार | **50,000/–रु0**<br>पचास हजार रु0 का यह एकल पुरस्कार विगत दो वर्षों में धर्म, भारतीय संस्कृति, भारतीय विचार–पद्धति एवं भक्ति–साहित्य पर हिन्दी में काव्य, नाटक, उपन्यास, शोधप्रबन्ध एवं समालोचना आदि विधाओं में मौलिक ग्रंथों की रचना के लिए राज्य के लेखक/लेखिकाओं को देय होगा। |

अनुशंसकों से अनुरोध है कि वे अपनी व्यापक जानकारी के आधार पर प्रसंगाधीन पुरस्कारों की प्रकृति के अनुरूप पुरस्कारवार सुयोग्य साहित्यकारों/संस्थाओं के नामों की अलग–अलग अनुशंसाएँ उनके व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व के संबंध में प्रामाणिक सूचना–सामग्री के साथ **अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, मुख्य सचिवालय, पटना–800015 (फैक्स सं0–0612–2215246) अथवा निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, फ्लैट संख्या–सी0211, ऑफिसर्स हॉस्टल, बेली रोड, पटना–800001 (फैक्स सं0–0612–2520128, email-rajbhasha@bihar.gov.in)** के पते पर दिनांक–31.08.2021 तक भेजने की कृपा करें।

नोटः– विस्तृत विवरण विभागीय बेवसाइट– **http://rajbhasha.bihar.gov.in** से प्राप्त करें।

:\VIVEK 2021\Vijay Prakash Sinha\Prize 2021-22 -(07-07-2021).doc

12/07/2021
(सुमन कुमार)
निदेशक
मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग